NCERT
National Council Of Educational Research And Training

# NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 10-बस की सैर (कहानी)

IndCareer
Schools
indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 10-बस की सैर (कहानी)

Class 8: Hindi Durva Chapter 10 solutions. Complete Class 8 Hindi Durva Chapter 10 Notes.

## NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 10-बस की सैर (कहानी)

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 10, class 8 Hindi Durva Chapter 10 solutions

**Page No 72:**

**Question 1:**

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-8th-class-hindi-durva-chapter-10-bus-ki-sair-kahani/

(क) शहर की ओर जाते हुए वल्ली ने बस की खिड़की से बाहर क्या-क्या देखा?

"अब तो उसकी खिड़की से बाहर देखने की इच्छा भी खत्म हो गई थी।"

(ख) वापसी में वल्ली ने खिड़की के बाहर देखना बंद क्यों कर दिया?

(ग) वल्ली ने बस के टिकट के लिए पैसों का प्रबंध कैसे किया?

**ANSWER:**

(क) शहर की ओर जाते समय वल्ली ने नहर, उसके पार ताड़ के वृक्ष, घास के मैदान, सुदंर पहाड़ियाँ, नीला आकाश और गहरी खाई देखी। उसने बस की खिड़की से दूर-दूर फैले खेत, हरियाली ही हरियाली देखी।

(ख) उसने रास्ते में एक मरी बछिया देखी जिसे देखकर वह बहुत ही दुखी हुई। बछिया का ख्याल उसे बार-बार सता रहा था, जिससे खिड़की से बाहर देखने का उसका उत्साह ढीला पड़ गया और उसने बाहर देखना बन्द कर दिया।

(ग) वल्ली ने छोटी-छोटी रेजगारी इकट्टी की। अपनी मीठी गोलियाँ, गुब्बारे, खिलौने लेने की इच्छा को दबाया, यहाँ तक कि पैसे इकट्ठे करने के लिए वह गोल घूमने वाले झूले पर भी नहीं बैठी।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 10, class 8 Hindi Durva Chapter 10 solutions

**Page No 72:**

**Question 2:**

(क) वल्ली की माँ जाग जाती और वल्ली को घर पर न पाती?

(ख) वल्ली शहर देखने के लिए बस से उतर जाती और बस वापिस चली जाती?

**ANSWER:**

(क) यदि वल्ली की माँ जाग जाती और वल्ली को घर पर न पाती तो परेशान हो जाती और उसे गाँव में ढूँढ़ने लगती।

(ख) यदि वल्ली शहरे देखने के लिए बस से उतर जाती और बस चली जाती तो वह छोटी बच्ची शहर में खो भी सकती थी।

**Page No 73:**

**Question 3:**

"ऐसी छोटी बच्ची का अकेले सफ़र करना ठीक नहीं।"

(क) क्या तुम इस बात से सहमत हो? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

(ख) वल्ली ने यह यात्रा घर के बड़ों से छिपकर की थी। तुम्हारे विचार से उसने ठीक किया या गलत? क्यों?

(ग) क्या तुमने भी कभी कोई काम इसी तरह छिपकर किया है? उसके बारे में लिखो।

**ANSWER:**

(क) हाँ! हम इस बात से सहमत हैं। एक छोटी बच्ची का अकेले सफ़र करना ठीक नहीं है। वल्ली एक नादान बच्ची है, रास्ता भी भूल सकती है। कोई उसे बहका कर भी ले जा सकता है।

(ख) उसने यह गलत किया। इससे वह अपने परिवार से बिछुड़ सकती थी।

(ग) नहीं हमने कोई काम छिपकर नहीं किया। कभी-कभी कापी के पन्ने ज़रूर फाड़े हैं। जब भी माँ को इस बात का पता चला हमें डाँट पड़ी है।(इस प्रश्न का उत्तर हर छात्र के लिए अलग-अलग होगा क्योंकि यह प्रश्न हर छात्र से पूछा गया है।जहाँ तक संभव हो छात्र इस प्रश्न का उत्तर स्वयं दें।यह उनके व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित है इसलिए यह आवश्यक नहीं है कि हर छात्र का उत्तर यही हो या एक जैसे हों।)

**Page No 73:**

**Question 4:**

"मैंने कह दिया न नहीं......।" उसने दृढ़ता से कहा।

वल्ली ने कंडक्टर से खाने-पीने का सामान लेने से साफ़ मना कर दिया।

(क) ऐसी और कौन-कौन सी बातें हो सकती हैं जिनके लिए तुम्हें भी बड़ों को दृढ़ता से मना कर देना चाहिए?

(ख) क्या तुमने भी कभी किसी को किसी चीज़/कार्य के लिए मना किया है? उसके बारे में बताओ।

**ANSWER:**

(क) ऐसी निम्नलिखित बातें हैं जिनके लिए बड़ों को दृढ़ता से मना कर देना चाहिए –

1. अनजान व्यक्तियों के साथ कहीं नहीं जाना चाहिए।

2. यदि घर जाने की बात भी कहें तो भी मना करना चाहिए।

3. किसी को भी मामा, काका आदि नहीं बनाना चाहिए।

(ख) हाँ एक बार हमारे स्कूल के चपरासी ने हमें टॉफियाँ देने की कोशिश की पर हमने मना कर दिया।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 10, class 8 Hindi Durva Chapter 10 solutions

**Page No 73:**

**Question 5:**

वल्ली को या उसके किसी साथी को घमंडी शब्द का अर्थ ही मालूम नहीं था।

(क) तुम्हारे विचार से घमंडी का क्या अर्थ होता है?

(ख) तुम किसी घमंडी को जानते हो? तुम्हें वह घमंडी क्यों लगता/लगती है?

(ग) वल्ली 'घमंडी' शब्द का अर्थ जानने के लिए क्या-क्या कर सकती थी? उसके लिए कुछ उपाय सुझाओ।

**ANSWER:**

(क) हमारे विचार से जो अपनी छोटी-छोटी बातों के सामने भी किसी को अहमियत न दे, उसे घमंडी कहते हैं।

(ख) हमारी एक दोस्त है जो घमंडी है। उससे कोई भी बात करो, वह किसी को महत्व नहीं देती बल्कि अपनी बात को आगे रखने की कोशिश करती है।

(ग) वल्ली 'घमंडी' शब्द का अर्थ जानने के लिए निम्नलिखित उपाय कर सकती थी –

1. माँ से पूछ सकती थी।

2. अपनी टीचर से पूछ सकती थी।

3. अपनी किसी सहेली जो उससे कुछ बड़ी हो, उससे पता कर सकती थी।

**Page No 73:**

**Question 6:**

वल्ली ने एक खास काम के लिए पैसों की बचत की। बहुत से लोग अलग-अलग कारणों से रुपए-पैसे की बचत करते हैं। बचत करने के तरीके भी अलग-अलग हैं।

(क) किसी डाकघर या बैंक जाकर पता करो कि किन-किन तरीकों से बचत की जा सकती है?

(ख) घर पर ही बचत करने के कौन-कौन से तरीके हो सकते हैं?

(ग) तुम्हारे घर के बड़े लोग बचत किन तरीकों से करते हैं? पता करो।

**ANSWER:**

(क) बैंक में, फिक्स डिपोजिट में, छोटे-छोटे मनी बैंक में जैसे गुल्लक लेकर आदि में पैसे जमा करके पैसों की बचत की जा सकती है।

(ख) गुल्लक में पैसे डालकर, अलग पर्स में जमा करके, कुछ लोग आपस में मिलकर थोड़े-थोड़े पैसे एक साथ जमा करें तो घर पर ही पैसें जमा हो सकते हैं।

(ग) बैंक में जमा करके, फिक्स डिपोजिट से किसान पत्र आदि लेकर घर के बड़े लोग बचत करते हैं।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 10, class 8 Hindi Durva Chapter 10 solutions

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 8 Hindi Durva :


- Chapter 1 -गुड़िया कविता
- Chapter 2-दो गौरेया (कहानी)
- Chapter 3-चिट्ठियों में यूरोप (पत्र)
- Chapter 4-ओस (कविता)
- Chapter 5-नाटक में नाटक (कहानी)
- Chapter 6-सागर यात्रा (यात्रा वृत्तांत)
- Chapter 7- उठ किसान ओ (कविता)
- Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)
- Chapter 9-एक खिलाडी की कुछ यादें (संस्मरण)
- Chapter 10-बस की सैर (कहानी)
- Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्ता)
- Chapter 12-आषाढ़ का पहला दिन (कविता)
- Chapter 13-अन्याय के खिलाफ(कहानी)
- Chapter 14-बच्चों के प्रिय श्री केशव शंकर पिल्लै (व्यक्तित)
- Chapter 15-फ़र्श पर (कविता)
- Chapter 16-बूढ़ी अम्मा की बात (लोककथा)
- Chapter 17-वह सुबह कभी तो आएगी(निबंध)

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.